Dr. Sunil Kr. Suman
Assistant Professor (Guest)
Dept. of Psychology
D.B. college Jaynagar
L.N.M.U. Darbhanga

Study material
B.A. Part-I (H)
Paper-II
Date:-04-08-2020

Next class

Groups

Factors influencing Group cohesiveness.

(III) (iii) सदस्यों में आकर्षकता (Member of attractiveness):- सदस्यों में आकर्षकता एक ऐसा चर है जिसका प्रभाव समूह समग्रता पर सीधा पड़ता है। यदि कोई समूह अपने लक्ष्य (goal) की प्राप्ति नहीं कर पाया हो परन्तु उसकी सदस्यता किसी कारण से सदस्यों के लिए आकर्षक होती है, तो ऐसी परिस्थिति में भी समूह समग्रता (group cohesiveness) बनी रहती है। दूसरी तरफ यदि समूह में सदस्यों का एक दूसरे के प्रति आवश्यकता आकर्षकता (attractiveness) नहीं है अर्थात सदस्य एक दूसरे को पसंद नहीं करते है तो ऐसी परिस्थिति में समूह के लक्ष्य (group goal) की प्राप्ति सदस्यों के लिए गुणकारी एवं लाभदायक होते हुए भी समूह समग्रता (cohesiveness) तथा सहभागिता (participation) में कमी हो जाती है। फेसटिंगर तथा केली (Festinger & Kelley. 1951) ने अपने एक अध्ययन में इस तथ्य की पुष्टि भी की है। इन्होंने अपने अध्ययन मे पाया की किरायेदारों (tenants) के एक समूह मे समूह समग्रता काफी कम थी हलाँकी इस समूह का लक्ष्य (goal) एक ऐसा संगठन तैयार करना था जिससे उसकी आवासीय परियोजना (housing project) में काफी सुधार लाया जा सकता था इसमें समूह समग्रता के कम होने का कारण यह था कि किरायादार एक दुसरे को निम्न एवं कमजोर वर्ग समझकर एक दुसरे के साथ अन्तःक्रिया (interaction) करना उचित नहीं समझते थे उक्त वर्णन से स्पष्ट है कि समूह सदस्यों की आकर्षकता एक ऐसा चर है जो समूह समग्रता के निर्धारण

Scanned with CamScanner

में समूह लक्ष्य के महत्व से अधिक महत्वपूर्ण है।

(IV) समूह की क्रियाएं एवं नेतृत्व (GROUP activities and Leadership):— समूह की समग्रता सदस्यों की क्रियाओं (activities) एवं समूह के नेतृत्व (Leadership) पर भी निर्भर करता है। यदि समूह द्वारा की जानेवाली क्रियाएं ऐसी हैं जिनके प्रति सदस्यों में आकर्षकता (attractiveness) है तथा जिसे सदस्यों द्वारा सफलतापूर्वक कर लिया जा रहा है, तो ऐसी परिस्थिति में समूह समग्रता cohesiveness) अधिक होती है। कोच एवं फ्रेंच (Coach & French, 1948) ने एक अध्ययन औद्योगिक कर्मचारियों (Industrial workers) पर किया जिसमें देखा गया की वैसे समूह के कर्मचारियों में जिनकी उत्पादकता समूह द्वारा निर्धारित किये गए मानक (standard) से नीचे थी, वे कम्पनी को स्वेच्छा से छोड़कर चले जाने की प्रवृत्ति अधिक थी। कर्मचारियों में समूह समग्रता (group cohesiveness) काफी कम थी। हैकमैन एवं ओल्डहाम (Hackman & Oldham, 1976) ने एक अध्ययन किया जिसमें यह पाया की जब कर्मचारियों के क्रियाकलापों एवं उत्तरदायित्व को अधिक विस्तृत कर दिया जाता है, तो इससे कर्मचारी अपने काम (Job) को अधिक आकर्षक (attractive) समझने लगते हैं जिसका परिणाम यह होता है कि इसमें समग्रता (cohesiveness) अधिक बढ़ जाती है।

समूह समग्रता (group cohesiveness) समूह के नेता के व्यवहार द्वारा भी प्रभावित होता है। कार्टराईट (Cartwright, 1968) ने अपने अध्ययन में पाया की जिस समूह का नेता प्रजातंत्रात्मक (democratic) ढंग से व्यवहार करता है था तथा महत्वपूर्ण निर्णय (decision) एवं कार्यों में सदस्यों की सहभागिता (participation) को प्रोत्साहन देता था, वैसे समूह में (cohesiveness) अधिक पाया गया तथा दूसरी तरफ जिस समूह का नेता सत्तावादी (authoritarian) ढंग से व्यवहार करता था सभी निर्णय स्वयं करके सदस्यों पर थोप देता था उस समूह में समग्रता (cohesiveness) काफी कम देखा गया।

End.

Scanned with CamScanner